भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या -1163**

(जिसका उत्तर गुरुवार, 12 दिसंबर, 2013/21 अग्रहायण, 1935 (शक) को दिया गया)

**व्यापार वातावरण संबंधी पैनल**

**1163. श्री एंटो एंटोनी:**
**श्री पोन्नम प्रभाकरः**
**श्री रवनीत सिंहः**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कारपोरेट क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने के लिए श्री एम. दामोदरन की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है उसमें अंतर्विष्ट सिफारिशों की मुख्य विशेषताएं क्या हैं;
(ग) इन सिफारिशों पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है तथा उनके त्वरित कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गये/उठाए जा रहे हैं;
(घ) क्या सरकार ने दामोदरन पैनल रिपोर्ट पर टिप्पणियां भी मांगी हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री सचिन पायलट)**

**(क) से (ड.):** भारत में व्यावसायिक वातावरण में सुधार के रोडमैप हेतु उपाय सुझाने के लिए श्री एम. दामोदरन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को सौंप दी है, जिसमें उन्होंने (क) कानूनी सुधार करके (ख) विनियामक संरचना तैयार करने (ग) विनियामक प्रक्रिया प्रभावी बनाने (घ) सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों को समर्थ बनाने तथा (ड.) राज्य स्तरीय मामलों पर ध्यान देने संबंधी सुझाव दिए हैं।

रिपोर्ट को मंत्रालय की वेबसाइट पर भी डाला गया था तथा जो पहलू विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के क्षेत्राधिकार में आते हैं उन्हें उनको भेजा गया था।

कंपनी अधिनियम, 2013 में समिति के अधिकांश सुझावों को ध्यान में रखा गया है।

*****